**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2507**
**दिनांक 06 अगस्त, 2024/ 15 श्रावण, 1946 (शक) को उत्तर के लिए**

**वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम**

**†2507. श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः**

**श्री सुधीर गुप्ताः**

**श्री वसंतराव बलवंतराव चव्हाणः**

**क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

**(क) क्या सरकार ने 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' (वीवीपी) के कार्यकरण की समीक्षा की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

**(ख) इस योजना की शुरुआत से लेकर अब तक सीमा पर स्थित गांवों के लिए सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है; और**

**(ग) ग्रामीणों में जागरूकता पैदा करने के लिए चालू वर्ष और गत एक वर्ष के दौरान सीमावर्ती गांवों में कुल कितने कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं?**

**उत्तर**

**गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री नित्यानंद राय)**

(क) और (ख): सरकार ने अरुणाचल प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखण्ड राज्यों और संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के 19 जिलों की उत्तरी सीमा से सटे 46 प्रखण्ड़ों के चिन्हित गांवों में व्यापक विकास हेतु वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 के लिए ₹4800 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ 15 फरवरी, 2023 को केन्द्र प्रायोजित योजना के तौर पर वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम (वीवीपी) को स्वीकृत किया है। वीवीपी के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सभी हितधारको में सम्मिलित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र और केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के साथ नियमित समीक्षा की जाती है।

**लोक सभा अता. प्र.सं. 2507 दिनांक 06.08.2024**

(ग) : वाईब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अन्तर्गत, आरम्भ से 6045 गतिविधियां ( 2023 में 3451 और 2024 (31.07.2024 तक) में 2594 गतिविधियां) वाईब्रेंट गांवों में आयोजित की गई हैं, जिनमें जागरुकता अभियान, सेवा वितरण शिविर, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण गतिविधियां, स्वास्थ्य और पशु चिकित्सा शिविर, मेले एवं महौत्सव तथा पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देना, आदि सम्मिलित हैं।

*****